प्रेषक,

संयुक्त शिक्षा निदेशक
बरेली मण्डल,बरेली ।

सेवा मे,

शिक्षा निदेशक (मा0)
उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

पत्रांकः सी0बी0एस0ई0 / /2018–19 दिनांक 30-03-19

विषयः– सी0बी0एस0ई0 बोर्ड नई दिल्ली से सम्बद्वता हेतु आवेदित विद्यालयों को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के सम्बन्ध में

महोदय,

कृपया उर्पयुक्त विषयक अवगत कराना है कि सी0बी0एस0ई0नई दिल्ली से सम्बद्वता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये हेतु विद्यालय कमशः मदर्स पब्लिक स्कूल,बीसलपुर एवं गंगा पब्लिक स्कूल, अल्हापुर इस्लामनगर, बदायूँ की पत्रावलियां कार्यालय मे प्राप्त करायी गयी । शिक्षा–6 अनुभाग के शासनादेश सं0 1528/79–6–2006 दिनांक 20.07.2009 के द्वारा नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 के अनुरूप विद्यालय मे सुरक्षा सम्बन्धी शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित कराने के सन्दर्भ में जिलाधिकारी, पीलीभीत एवं बदायूँ को पत्रावली प्रेषित की गयी । जिलाधिकारी पीलीभीत एवं बदायूँ के द्वारा पत्रावली पर आख्या प्राप्त कराये जाने के उपरान्त दिनांक 08.03.2019 को "शासनादेश सं0 शिक्षा अनुभाग–7 191615 –7–2009–1(290)/2007 दिनांक 14 जुलाई 2009 में सी0बी0एस0ई0/आई0सी0एस0ई0 विद्यालयों को सम्बन्धित बोर्ड से सम्बद्वता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत किये जाने के संदर्भ में मण्डल स्तर पर आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा उक्त दोनो विद्यालयों को अनापत्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया। दिनांक 08.03.2019 को सम्पन्न बैठक सम्बन्धी कार्यवृत्त तैयार किये जाने के दौरान दिनांक 10.03.2019 को आदर्श आचार संहित प्रभावी हो गयी, जिसके कारण प्रश्नगत दोनो विद्यालयों को अनापत्ति पत्र जारी नही किया जा सका ।

उक्त के सम्बन्ध में अनुरोध है कि कृपया चुनाव आयोग को अनापत्ति पत्र जारी किये जाने के सम्बन्ध में अनुरोध पत्र प्रेषित करने का कष्ट करे कि " क्या दिनांक 08.03.2019 को समिति द्वारा प्रश्नगत दोनो विद्यालयों को अनापत्ति हेतु दी गयी सहमति के कम में अनापत्ति पत्र जारी किया जा सकता है" ।

भवदीय,

डा0(प्रदीप कुमार )
संयुक्त शिक्षा निदेशक
बरेली मण्डल,बरेली ।

पृ0स0सी0बी0एस0ई/ 10553-55 /2018–19 उक्त तिथि को

प्रतिलिपि –1– आयुक्त महोदय, बरेली मण्डल बरेली की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित ।

2– सचिव, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद,शिक्षा केन्द्र–2 समुदाय केन्द्र प्रीति बिहार, नई दिल्ली ।

3– प्रबन्धक, मदर्स पब्लिक स्कूल, बीसलपुर, पीलीभीत एवं गंगा पब्लिक स्कूल, अल्हापुर इस्लामनगर, बदायूँ ।

30.03.19
संयुक्त शिक्षा निदेशक
बरेली मण्डल,बरेली ।
30/3/19